**प्रेस नोट**

**दिनांक 17.06.2025**

# पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस प्रशिक्षण व्यवस्थाओं एवं भवनों का निरीक्षण।

आज दिनांक 17.06.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण कर जनपद को आवंटित आरक्षी पुलिस भर्ती के प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण से संबंधित समस्त आवश्यक तैयारियों की गहन समीक्षा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण भवनों, आवासीय सुविधाओं, भोजन एवं स्वच्छता की व्यवस्थाओं सहित अन्य बुनियादी संसाधनों का जायजा लिया गया। प्रशिक्षण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु हुए कहा कि प्रशिक्षण में अनुशासन, नियमितता तथा कार्यकुशलता को प्राथमिकता दी जाए।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।








